हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

10 16वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चंडीगढ़ को 5-1 से हराकर



10 दूध में स्टार्च व मसालों में कृत्रिम रंग पर जताई चिंता



पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने स्थापित किए विकास के नए आयाम : कैप्टन अभिमन्यु

- विपक्ष पर देश-प्रदेश का माहौल खराब करने का आरोप, बोले- जनता पहले भी इनको नकार चुकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने आह्वान किया है कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत करके पार्टी संगठन को मजबूत करें और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और वह दिन दूर नहीं, जब भारत विश्व गुरु के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। कैप्टन अभिमन्यु रविवार को गांव खेड़ी लोहचब और खेड़ी जालब के शक्ति केंद्रों की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने क्षेत्र में कई अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में भी शिरकत की। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है और संगठित कार्यकर्ताओं का एक बड़ा परिवार है। भाजपा में एक सामान्य कार्यकर्ता भी मेहनत और समर्पण के बल पर बड़े पद तक पहुंच सकता है, जबकि दूसरी पार्टियों में परिवारवाद को बढ़ावा दिया जाता है। संगठन को और मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा से काम करना होगा और पार्टी की नीतियों तथा सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचानी होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने और विपक्ष के आरोपों का तथ्यों के आधार पर जवाब देने का आह्वान किया।



नारनौंद। कार्यकर्ताओं से बातचीत करते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व अन्य।

राखीगढ़ी बनेगा बड़ा पर्यटन केंद्र

राखीगढ़ी महोत्सव का जिक्र करते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि राखीगढ़ी को विश्वस्तरीय पहचान दिलाने का सपना साकार होने जा रहा है। यहां करोड़ों रुपये की लागत से संग्रहालय बनाने की शुरुआत की गई थी। संग्रहालय का निर्माण पूरा होने के बाद दुनिया भर से पर्यटक राखीगढ़ी पहुंचेंगे। इससे यह क्षेत्र प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में शामिल होगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। बैठक के दौरान क्षेत्र में पहले करवाए गए विकास कार्यों की भी सराहना की गई। उपस्थित लोगों ने कैप्टन अभिमन्यु के नेतृत्व और कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए आगामी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

आयुष्मान से पात्रों को मिल रहा मुफ्त इलाज

पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि पहले गरीब परिवारों को बीमारी के समय इलाज करवाने की चिंता सताती थी, लेकिन आयुष्मान योजना के माध्यम से पात्र लोगों को अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में भी समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। भाजपा सरकार में युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरियां दी जा रही हैं। खेलों में भी प्रदेश के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, जिसमें सरकार की खेल नीति की अहम भूमिका है। कैप्टन अभिमन्यु ने विपक्षी दलों पर देश और प्रदेश का माहौल खराब करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता पहले भी ऐसे दलों को नकार चुकी है और आगे भी उन्हें जवाब देगी।



नारनौंद। गांव खांडा खेड़ी में राजेश सिंधु की सुपुत्री को आशीर्वाद देते हुए पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो : हरिभूमि

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग, जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, मंडल अध्यक्ष महावीर श्योराण, करणपाल पेटवाड़, सोनू सैनी, शक्ति केंद्र प्रमुख रमेश छाछिया, कुलबीर, राजेंद्र लांबा, सरपंच युद्धवीर श्योराण, पूर्व सरपंच सुरेश शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

अवैध पिस्तोल सहित एक गिरफ्तार

हिसार। सीआईए टीम ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अग्रोहा क्षेत्र से बालक गांव निवासी मनोज को 32 बोर की अवैध पिस्तोल सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए मिल गेट प्रभारी ने बताया कि उनकी टीम अपराधों की रोकथाम और आरोपियों की धरपकड़ के लिए क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मनोज के कब्जे से 32 बोर का एक अवैध पिस्तोल बरामद हुआ।

महिला से ताबीज छीनने का तीसरा आरोपी काबू

हिसार। कैमरी रोड पर महिला के गले से सोने की ताबीज छीनने के मामले में आजाद नगर पुलिस ने तीसरे आरोपी फतेहाबाद जिले के अकांवाली निवासी राहुल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छीनी गई सोने की ताबीज भी बरामद कर ली है। इस वारदात में शामिल पीरांवाली निवासी अमरीक व कालीरावण गांव निवासी संदीप को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

300 ग्राम अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

हिसार। पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांव मुकलान से तलवंडी बादशाहपुर निवासी रोहित को 300 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बुलेट मोटरसाइकिल भी जब्त की है। सीआईए मिल गेट प्रभारी जगदीश कुमार ने बताया कि उनकी टीम गंगवा गांव में अपराधों की जांच और नशा तस्करी की रोकथाम के संबंध में मौजूद थी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए रोहित को बुलेट मोटरसाइकिल सहित काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 300 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मोटरसाइकिल को भी कब्जे में ले लिया।

1 किलो 48 ग्राम गांजे के साथ एक गिरफ्तार

हिसार। सीआईए टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1 किलो 48 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मात्रश्याम निवासी शशि के रूप में हुई है। सीआईए मिल गेट प्रभारी ने बताया कि उनकी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1 किलो 48 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

मिर्जापुर में घर से गहने चोरी का आरोपी काबू

हिसार। मिर्जापुर गांवमें घर से सोने की अंगूठी और चांदी की एक जोड़ी पंजेब चोरी करने के मामले में सदर थाना पुलिस ने आरोपी गांव के ही सुल्तान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा आभूषण भी बरामद कर लिए हैं। सहायक उप निरीक्षक शमशेर सिंह ने बताया कि गांव मिर्जापुर निवासी ईश्वर ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार, 14 अक्टूबर को उसके घर से सोने की एक अंगूठी और चांदी की एक जोड़ी पंजेब चोरी हो गई थी।

त्योहारी सीजन में बढ़ी राहत : अक्टूबर के राशन पर सरकार के दो फैसले

2.96 लाख लीटर सरसो का तेल आवंटित इस माह बाजरे की जगह मिलेगा गेहूं

एक लीटर तेल के लिए 30 और डेढ़ लीटर के लिए देने होंगे 45 रुपये, एक लीटर की 2 लाख 24 हजार 942 बोतलें

राजेश्वर बैनीवाल ⏭ हिसार



एआई जेनरेटेड

उचित मूल्य की दुकानों पर गेहूं की कमी होने पर दूसरे डिपो से कराया जाएगा उपलब्ध

विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी उचित मूल्य की दुकान पर गेहूं की कमी होती है तो जिले के भीतर अतिरिक्त स्टॉक वाले किसी अन्य डिपो से आवश्यक मात्रा में गेहूं स्थानांतरित किया जाएगा। इसके लिए खाद्य निगम के माध्यम से परिवहन की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि राशन वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए। प्रदेश के सभी जिलों के लिए जारी इस आदेश का उद्देश्य अक्टूबर महीने में पात्र राशन कार्ड धारकों को समय पर अनाज उपलब्ध करवाना और उचित मूल्य की दुकानों पर गेहूं की कमी के कारण वितरण प्रभावित होने से रोकना है।

अलग खबर

प्रदेश सरकार ने बीपीएल और अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) परिवारों को अक्टूबर महीने में रियायती दर पर फोर्टिफाइड सरसों का तेल उपलब्ध करवाने के लिए जिला स्तर पर आवंटन जारी कर दिया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। आदेश के अनुसार हिसार जिले के लिए कुल 2 लाख 96 हजार 560 लीटर सरसों का तेल आवंटित किया गया है। इसमें एक लीटर की 2 लाख 24 हजार 942 बोतलें और 500 मिलीलीटर की 71 हजार 618 बोतलें शामिल हैं। विभाग की ओर से हाल ही में जारी आदेश के अनुसार एक से दो सदस्यों वाले परिवार को 500 मिलीलीटर, तीन से छह सदस्यों वाले परिवार को एक लीटर और छह से अधिक सदस्यों वाले परिवार को डेढ़ लीटर सरसों का तेल देने का प्रावधान है। एक लीटर तेल की कीमत 30 रुपये, 500 मिलीलीटर की कीमत 15 रुपये और डेढ़ लीटर की कीमत 45 रुपये निर्धारित की गई है। आदेश में प्रत्येक लीटर की अधिकतम कीमत 180 रुपये निर्धारित करने का भी उल्लेख है। विभाग ने संबंधित एजेंसियों को तेल की आपूर्ति और वितरण की व्यवस्था निर्धारित समय में पूरी करने के निर्देश दिए हैं। तेल की आपूर्ति राशन डिपो तक पहुंचाने और उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से लाभार्थियों को उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसियों की होगी। विभाग ने गुणवत्ता और मात्रा की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

सितंबर का बचा स्टॉक बांटने के निर्देश

हिसार। इस माह बाजरे की उपलब्धता नहीं होने की स्थिति में हरियाणा के लाभार्थियों को बाजरे के स्थान पर गेहूं वितरित किया जाएगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा की ओर से प्रदेश के सभी जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रकों को निर्देश दे दिए गए हैं। मुख्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार अक्टूबर महीने के दौरान राज्य के हिस्से के तहत वितरण के लिए बाजरा उपलब्ध नहीं होता है तो सितंबर 2026 के अंत में बचा हुआ बाजरा स्टॉक उपलब्ध होने की स्थिति के अनुसार उसके स्थान पर गेहूं का वितरण किया जाएगा। विभाग ने सभी उचित मूल्य की दुकानों पर पर्याप्त मात्रा में गेहूं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर राशन मिल सके।

भिवानी बस हादसे में घायल कंडक्टर की मौत



हांसी। अस्पताल में मौजूद नवीन के परिजन।

- 10 दिन पहले ही लगा था नई बस पर कंडक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

भिवानी में शुक्रवार को हुए निजी बस हादसे में गंभीर रूप से घायल हांसी निवासी कंडक्टर नवीन (35) की शनिवार शाम मौत हो गई। वह हांसी की अंबेडकर कॉलोनी का रहने वाला था। हादसे में गंभीर चोटें आने के बाद उसे हांसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार रात ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों को उसका बायां पैर काटना पड़ा था। दाएं पैर की तीन उंगलियां भी काटनी पड़ी थीं। शनिवार को उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा था और वह परिजनों से बातचीत भी कर रहा था, लेकिन शाम करीब साढ़े पांच बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, हार्ट अटैक से उसकी मौत हुई। नवीन के भाई संजू ने बताया कि नवीन कई साल से इसी बस मालिक की दूसरी बस के रूट पर चलाता था। करीब 10 दिन पहले ही उसने हांसी-भिवानी रूट पर चलने वाली बस में कंडक्टर का काम संभाला था।। नवीन अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसके परिवार में पत्नी, सात साल का बेटा और पांच व तीन साल की दो बेटियां हैं। उसके पिता राम अवतार ई-रिक्शा चलाते हैं।

बस मालिक पर दबाव बनाने का आरोप

नवीन के भाई संजू ने आरोप लगाया कि हादसे के बाद बस मालिक फोन कर नवीन को कंडक्टर के बजाय ड्राइवर बताने का दबाव बना रहा था। संजू के अनुसार, नवीन के पास भारी वाहन चलाने का लाइसेंस था, लेकिन परिजनों ने उसे बस का ड्राइवर बताने से इनकार कर दिया। परिजनों ने हादसे के लिए बस चालक को जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया कि वह तेज रफ्तार से बस चला रहा था। ब्रेकर के ऊपर से तेज गति में बस उछलने के बाद पलट गई। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

दो साल पुराने मोटरसाइकिल चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

हिसार। पुलिस ने वर्ष 2024 के मोटरसाइकिल चोरी के पुराने मामले को सुलझाते हुए आरोपी सुरेवाला निवासी जगबीर को गिरफ्तार किया है। चोरी हुई मोटरसाइकिल हांसी पुलिस ने दूसरी कार्रवाई के दौरान इंपाउंड की थी। रिकॉर्ड की जांच में मोटरसाइकिल चोरी के मामले से संबंधित पाए जाने के बाद हिसार पुलिस ने कार्रवाई की। बस स्टैंड चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि 7 नवंबर 2024 को शिव कॉलोनी निवासी सोहबर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, बस स्टैंड क्षेत्र से उसकी मोटरसाइकिल कोई व्यक्ति चोरी कर ले गया था। जांच के दौरान पता चला कि चोरी हुई मोटरसाइकिल हांसी पुलिस ने किसी अन्य कार्रवाई के दौरान इंपाउंड की थी। हांसी पुलिस से सूचना मिलने के बाद हिसार पुलिस ने रिकॉर्ड की जांच की तो मोटरसाइकिल चोरी के उक्त मामले से संबंधित मिली। इसके बाद पुलिस ने मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लेकर मामले में कार्रवाई की और आरोपी जगबीर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

- पुलिस ने दूसरी कार्रवाई में इंपाउंड की थी बाइक

नशा तस्करी के आरोपी की 13.6 लाख की 5 गाड़ियां फ्रीज

हिसार। पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपी की 13.60 लाख रुपये कीमत की पांच गाड़ियों को फ्रीज करने की कानूनी प्रक्रिया अपनाई है। शहर थाना में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में यह कार्रवाई की गई है। पुलिस नशा तस्करों की गिरफ्तारी के साथ-साथ नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार से अर्जित संपत्ति पर भी शिकंजा कस रही है।

मामला जनवरी 2025 का है। पुलिस के अनुसार, अंबेडकर बस्ती निवासी कुलदीप के कब्जे से 43 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। इस संबंध में उसके खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 21(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए आरोपी से संबंधित पांच वाहनों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के तहत फ्रीज करने की कार्रवाई की गई है। इन वाहनों की अनुमानित कीमत 13 लाख 60 हजार रुपये बताई गई है। फ्रीज किए गए वाहनों में होंडा एक्टिवा डीएलएक्स, मारुति विटारा ब्रेजा वीडीआई, मारुति स्विफ्ट वीडीआई बीएस, टाटा पंच प्योर और महिंद्रा स्कॉर्पियो क्लासिक शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन का कहना है कि नशा तस्करी के मामलों में आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। नशीले पदार्थों की बरामदगी और गिरफ्तारी के साथ अवैध कारोबार से अर्जित संपत्ति की पहचान कर उसे फ्रीज करने की कानूनी प्रक्रिया भी अपनाई जा रही है।



हिसार। फ्रीज की गई गाड़ीं

लक्ष्मीबाई चौक के पास से मोटरसाइकिल व कपड़ा लेकर फरार आरोपी गिरफ्तार

हिसार। लक्ष्मीबाई चौक के पास एक व्यक्ति का मोटरसाइकिल और कपड़े लेकर फरार होने के मामले में पुलिस चौकी अर्बन एस्टेट की टीम ने आरोपी उकलाना निवासी ऋतिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छीना गया मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस चौकी अर्बन एस्टेट प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि गांव डोभी निवासी कुलबीर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, 15 अक्टूबर को वह मोटरसाइकिल पर किसी काम से बाजार आया था। लक्ष्मीबाई चौक के पास उसे चक्कर आने लगे। इसी दौरान आरोपी ने उसे मेडिकल स्टोर से दवाई दिलवाई और बाद में खादी वस्त्र भंडार से कपड़े भी दिलवाए। आरोप है कि इसके बाद आरोपी कुलबीर का मोटरसाइकिल और कपड़े लेकर मौके से फरार हो गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी ऋतिक को उकलाना से गिरफ्तार कर लिया और छीना गया मोटरसाइकिल बरामद कर लिया।





सिर पर लाठी मारकर घायल करने का आरोपी गिरफ्तार

बरवाला। पुलिस ने मारपीट कर चोट पहुंचाने के मामले में गांव खानपुर निवासी संजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त लाठी भी बरामद कर ली है। बरवाला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जितेंद्र ने बताया कि 6 अक्टूबर को शिकायतकर्ता सतीश के बयान पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए सिर पर लाठी से वार किया, जिससे वह घायल हो गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी संजय को गिरफ्तार कर लिया।



हांसी में कांग्रेस ने फूंका मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला, एसआईआर रद्द करने की मांग

हांसी। कथित वोट हेरफेर और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता के मुद्दे पर कांग्रेस ने 'वोट बचाओ, देश बचाओ' आंदोलन के तहत विरोध तेज कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को हांसी के बड़सी गेट पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयोग, केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे व गिरफ्तारी और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया रद्द करने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद जयप्रकाश (जेपी) ने किया। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, राहुल गांधी और विपक्षी दलों की ओर से चुनावी पारदर्शिता को लेकर उठाए जा रहे मुद्दों पर ब्लॉक और जिला स्तर पर विरोध कार्यक्रम किए जा रहे हैं। प्रदर्शन में हांसी से कांग्रेस प्रत्याशी रहे राहुल मक्कड़, विधायक जस्सी पेटवाड़, पवन गोयल, अनिल मान, बृजपाल बहबलपुरिया, सुमन शर्मा, नीतेश शर्मा, आनंद जाखड़, योगिंद्र योगी और साक्षी मान, गायत्री यादव सहित अनेक कांग्रेस नेता रहे।

महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार के खिलाफ रोहतक में होगी महापंचायत

सरकारी कर्मचारी का दर्जा व न्यूनतम वेतन की उठाई मांग

तैयारियों पर सिसाय, सिसर, खरबला, भाटोल और खरकड़ा में हुई मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन की बैठकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



हांसी। महापंचायत को लेकर मीटिंग करती मिड-डे मील कुक

महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार सहित विभिन्न जनसमस्याओं के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए 26 अक्टूबर को रोहतक के बोहर स्थित नांदल भवन में महापंचायत आयोजित की जाएगी। इसमें हांसी जिले से सैकड़ों मिड-डे मील कुक भाग लेंगी। महापंचायत का आह्वान किसान संगठन ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेकेएमएस), श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी, छात्र संगठन एआईडीएसओ, युवा संगठन एआईडीवाईओ और महिला संगठन एआईएमएसएस ने किया है। महापंचायत की तैयारियों को लेकर सिसाय, सिसर, खरबला, भाटोल और खरकड़ा सहित विभिन्न गांवों में मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन की बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों को संबोधित करते हुए संगठन की जिला सचिव पार्वती और जिला प्रधान संतरा ने कहा कि मिड-डे मील कुक को केवल 7 हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाता है, वह भी साल में 10 महीने का। कई बार यह राशि भी महीनों की देरी से मिलती है। पूरे स्कूल समय तक काम करने के बावजूद उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा और घोषित न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि ड्रेस के लिए घोषित 600 रुपये भी पिछले दो वर्षों से नहीं मिले हैं। सेवानिवृत्ति और आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में आर्थिक सहायता, मेडिकल अवकाश और आकस्मिक अवकाश जैसी सुविधाएं भी नहीं मिलतीं। ऐसे में अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए आंदोलन करना जरूरी हो गया है।

खाली पदों पर स्थाई भर्ती करें प्रदेश सरकार: बांगड़

एआईयूटीयूसी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला सचिव मेहर सिंह बांगड़ ने कहा कि महापंचायत में मिड-डे मील कुक को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने और न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी। उन्होंने बताया कि महापंचायत में सभी फसलों की एमएसपी पर सी2+50 प्रतिशत के आधार पर खरीद की कानूनी गारंटी, चारों लेबर कोड रद्द करने, किसानों-मजदूरों के कर्ज माफ करने, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वार्ता पर रोक लगाने, स्मार्ट मीटर और बिजली के निजीकरण पर रोक लगाने, ग्रामीण गरीबों को सालभर काम देने, मनरेगा बहाल करने, बुढ़ापा पेंशन 10 हजार रुपये मासिक करने तथा सरकारी विभागों में खाली पदों पर स्थायी भर्ती करने जैसी मांगें भी उठाई जाएंगी।

मनुष्य अपूर्ण है इसलिए सत्य का विकास जो उसके द्वारा होता है अपूर्ण होता है। यही विकास का रहस्य है। यदि ऐसा न हो तो ज्ञान की वृद्धि असंभव हो जाय।

- जयशंकर प्रसाद



पहले वर्ष उसकी आंखों में उम्मीद थी, दूसरे वर्ष इंतज़ार, और तीसरे वर्ष तक उम्मीद उसके भीतर कहीं इतनी गहराई में जम चुकी थी कि अब वह दिखाई नहीं देती थी, फिर भी सूखती नहीं थी, ठीक वैसे ही, जैसे बरसात के बाद मिट्टी में बची नमी। सौरव... उसका नाम लेते ही काव्या के भीतर जैसे कोई पुराना दरवाज़ा खुल जाता था।



प्रेम का विसर्जन



कहानी

मनीषा मंजरी

धूप की हल्की सुगंध, घंटियों की आवाज़ और दूर से आती ढाक की थाप... पूरा शहर जैसे मां दुर्गा के आगमन के रंग में डूबा हुआ था। जगह-जगह सजे विशाल मंडपों में रोशनी झिलमिला रही थी और नीले आकाश के नीचे हर ओर भक्ति, उल्लास और उत्सव की छटा बिखरी थी। उसी भीड़ में काव्या मां दुर्गा की प्रतिमा के सामने हाथ जोड़े खड़ी थी। आंखें बंद थीं। पिछले तीन वर्षों से वह इसी तरह यहां आती, प्रतिमा के सामने खड़ी होती, आंखें बंद करती और हर बार एक ही प्रार्थना दोहराती,

"मां... उसे वापस कर दो।"

पहले वर्ष उसकी आंखों में उम्मीद थी, दूसरे वर्ष इंतज़ार, और तीसरे वर्ष तक उम्मीद उसके भीतर कहीं इतनी गहराई में जम चुकी थी कि अब वह दिखाई नहीं देती थी, फिर भी सूखती नहीं थी, ठीक वैसे ही जैसे बरसात के बाद मिट्टी में बची नमी। सौरव... उसका नाम लेते ही काव्या के भीतर जैसे कोई पुराना दरवाज़ा खुल जाता था। उसे आज भी याद था, वह पहली दुर्गा पूजा, जब सौरव ने उसे लाल चूड़ियों का एक छोटा-सा डिब्बा देते हुए कहा था,

"तुम पर लाल रंग अच्छा लगता है।"

काव्या ने चूड़ियां हाथ में लेते हुए मुस्कुराकर पूछा था,

"और अगर मुझे पसंद नहीं आया तो?"

सौरव हंसा था।

"तो अगले साल रंग बदल दूंगा।"

काव्या खिलखिला पड़ी थी। उसे कहां पता था कि कुछ रंग जीवन में इतने गहरे उतर जाते हैं कि वर्षों बाद भी उनसे बाहर निकलना आसान नहीं होता। उनका प्रेम किसी फिल्मी कहानी जैसा नहीं था। वह चाय के छोटे-छोटे कपों, देर रात तक चलने वाली फोन कॉलों, अचानक हुई बारिशों और उन अनगिनत बातों से बना था जिनका कोई विशेष अर्थ नहीं होता, फिर भी जिनके बिना प्रेम अधूरा लगता है। सौरव उसके सपनों को जानता था। काव्या लेखिका बनना चाहती थी, वह अक्सर कहता,

"तुम्हें अपनी किताब लिखनी चाहिए। मैं सबसे पहले पढ़ूंगा।"

काव्या हंसकर कहती,

"पहले तुम मुझे पूरा पढ़ तो लो।"

शायद वह पढ़ रहा था, या शायद दोनों एक-दूसरे को पढ़ते-पढ़ते अपने हिस्से की कहानी कहीं खो बैठे थे। एक शाम सौरव ने कहा,

"काव्या, मैं तुमसे शादी करना चाहता हूं।"

काव्या ने कोई उत्तर नहीं दिया, बस अपना सिर उसके कंधे पर रख दिया। उसे लगा, यही उत्तर काफी है। लेकिन कुछ महीनों बाद सौरव बदलने लगा। फोन कम हो गए, मुलाकातें टलने लगीं, और उसके शब्दों में पहले जैसी सहजता नहीं रही। एक दिन उसने कहा,

"मेरे घर वाले नहीं मानेंगे।"

काव्या कुछ क्षण उसे देखती रही, फिर पूछा,

"और तुम?"

सौरव ने आंखें झुका लीं।

"मैं... कोशिश करूंगा।"

उस दिन काव्या ने पहली बार जाना था कि कुछ रिश्ते "मैं कोशिश करूंगा" और "मैं तुम्हारे साथ हूं" के बीच ही मर जाते हैं। कुछ सप्ताह बाद सौरव ने रिश्ता खत्म कर दिया, न कोई बड़ा झगड़ा हुआ, न कोई आरोप। बस एक शांत-सा वाक्य,

"काव्या, मैं तुमसे प्यार करता हूं... लेकिन मैं अपने परिवार के खिलाफ नहीं जा सकता।"

वह हंसना चाहती थी, रोना चाहती थी। उससे पूछना चाहती थी कि फिर उसके प्रेम का अर्थ क्या था? लेकिन उसने कुछ नहीं पूछा। बस कहा,

"ठीक है।"

उस दिन के बाद उसने सौरव को कभी फोन नहीं किया। लेकिन हर दुर्गा पूजा पर मां से उसे वापस मांगती रही। शायद इंसान कई बार किसी व्यक्ति को नहीं, उस व्यक्ति के साथ देखे हुए अपने भविष्य को वापस मांगता है।

तीन वर्ष बीत गए। काव्या ने नौकरी शुरू कर दी थी। उसने फिर से लिखना शुरू कर दिया था। अपनी किताब का पहला अध्याय भी पूरा कर लिया था। लोग कहते थे, वह आगे बढ़ गई है। उसे भी कभी-कभी ऐसा लगता था। लेकिन दुर्गा पूजा आते ही उसके भीतर जैसे कोई पुराना दरवाज़ा खुल जाता। उस वर्ष जब अष्टमी की रात वह पंडाल पहुंची थी। ढाक की आवाज़ के बीच अचानक उसे लगा जैसे किसी ने उसका नाम पुकारा हो।

"काव्या..."

उसने पलटकर देखा, सामने सौरव खड़ा था। वही आंखें, वही आवाज़, बस चेहरे पर तीन वर्षों की थकान कुछ अधिक साफ दिखाई दे रही थी। काव्या कुछ क्षण उसे देखती रही। यह कोई भ्रम नहीं था, वह सचमुच सौरव था।

"कैसी हो?"

काव्या के होठों पर हल्की-सी मुस्कान आई।

"ठीक हूं।"

सौरव ने उसकी आंखों में देखते हुए कहा,

"मैं तुम्हें बहुत याद करता था।"

तीन वर्ष पहले शायद यह सुनकर काव्या रो पड़ती, आज उसने केवल पूछा,

"अब?"

सौरव कुछ क्षण चुप रहा।

"अब भी।"

ढाक की आवाज़ दोनों के बीच गूंजती रही। सौरव ने बताया कि उसने शादी नहीं की। उसने कई बार काव्या से संपर्क करने के बारे में सोचा था, लेकिन हिम्मत नहीं हुई। उसे अपने निर्णय पर पछतावा था। फिर उसने बहुत धीमे से कहा,

"अगर तुम चाहो... तो हम फिर से शुरू कर सकते हैं।"

काव्या के भीतर जैसे किसी ने वर्षों से बंद संदूक खोल दिया, पहली बारिश, लाल चूड़ियां, चाय की वह छोटी-सी दुकान, उसका कंधा, उसकी आवाज़, और वह लड़की, जो कभी पूरे विश्वास से मानती थी कि प्रेम हर मुश्किल से बड़ा होता है। उसकी आंखें भर आईं, लेकिन इस बार आंसू सौरव के लिए नहीं थे। वे उस लड़की के लिए थे, जिसने कभी अपने प्रेम को बचाने के लिए स्वयं को खो दिया था। काव्या ने धीरे से कहा,

"सौरव, मैंने तुम्हें बहुत प्यार किया था।"

"था?"

काव्या मुस्कुराई।

"नहीं। कुछ प्रेम का समय बीत जाता है, प्रेम नहीं।"

दशमी के दिन वह अकेली विसर्जन देखने गई। मां दुर्गा की प्रतिमा धीरे-धीरे जल में उतर रही थी। ढाक की थाप दूर होती जा रही थी। लाल सिंदूर पानी की लहरों में घुल रहा था। काव्या की मुट्ठी में कुछ था, लाल चूड़ियों का वही पुराना डिब्बा जिसे उसने वर्षों से संभालकर रखा था। उसने डिब्बा खोला, एक पल के लिए उन चूड़ियों को देखा। फिर उन्हें वापस डिब्बे में रखा और अपने पास रख लिया। उन्हें जल में बहाने की जरूरत नहीं थी। कुछ स्मृतियों को नष्ट नहीं किया जाता। बस उनका अधिकार छीन लिया जाता है। मां की प्रतिमा जल में धीरे-धीरे विलीन हो रही थी। काव्या ने हाथ जोड़ दिए। इस बार उसने कुछ नहीं मांगा। ना सौरव, ना बीता हुआ समय, और ना कोई अधूरा भविष्य। बस उसकी आंखों में एक शांत-सी चमक थी। उसे लगा, जैसे उसके भीतर भी कोई पुराना विश्वास धीरे-धीरे विसर्जित हो रहा है, यह विश्वास कि प्रेम को पाने के लिए स्वयं को खो देना पड़ता है। उसने आंखें बंद कर लीं। ढाक की आखिरी थाप हवा में कहीं दूर तक गई, और काव्या ने पहली बार महसूस किया, मां दुर्गा जा नहीं रही थीं। शायद वे पहली बार उसके भीतर रहने आई थीं। उस दिन मां दुर्गा का विसर्जन नहीं हुआ था। बस उसकी प्रार्थना का अर्थ बदलकर उसके भीतर रह गया था।

सौरव उसे देखता रहा।

"तो फिर?"

काव्या ने एक लंबी सांस ली।

"लेकिन मैं उस जीवन में वापस नहीं जा सकती, जहां मुझे अपने होने के लिए किसी और की अनुमति चाहिए।"

"मैं बदल गया हूं।"

"शायद।"

"फिर तुम मुझे एक मौका क्यों नहीं देती?"

काव्या ने सामने मां दुर्गा की प्रतिमा की ओर देखा। मां की आंखों में वही शक्ति थी, जिसके सामने वह पिछले तीन वर्षों से सिर झुकाती आई थी, वह धीरे से बोली,

"क्योंकि मैंने तीन साल तुम्हारे लौटने की प्रार्थना की है।"

सौरव चुप रहा, काव्या की आवाज़ और धीमी हो गई।

"अब डर लगता है... अगर तुम लौट आए, तो कहीं मैं फिर खुद से दूर न हो जाऊं।"

सौरव के पास कोई उत्तर नहीं था, कुछ क्षण दोनों चुप खड़े रहे। फिर काव्या ने कहा,

"तुम मेरे जीवन का बहुत सुंदर हिस्सा थे, सौरव। लेकिन अब मैं अपने जीवन की पूरी कहानी तुम्हारे नाम नहीं कर सकती।"

वह मुड़ी और भीड़ में खो गई। उस रात घर लौटकर उसने अपनी पुरानी डायरी निकाली। पहले पन्ने पर अब भी वही वाक्य लिखा था,

"मां, उसे मेरे पास वापस भेज देना।"

काव्या देर तक उसे देखती रही, फिर उसने कलम उठाई। उस वाक्य के नीचे लिख दिया,

"मां, अगली बार मुझे वही मत देना जो मैंने मांगा है।"

उसकी आंखों से आंसू गिर पड़े। उसने आंखें बंद कीं।

"अगर वह मेरे लिए नहीं है, तो उसे वापस मत भेजना।"

कुछ क्षण वह चुप रही, फिर उसके होंठ कांपे—

"इस बार मुझे, मेरी वह ज़िंदगी वापस देना, जिसे मैंने उसके इंतज़ार में कहीं पीछे छोड़ दिया।"

दशमी के दिन वह अकेली विसर्जन देखने गई। मां दुर्गा की प्रतिमा धीरे-धीरे जल में उतर रही थी। ढाक की थाप दूर होती जा रही थी। लाल सिंदूर पानी की लहरों में घुल रहा था। काव्या की मुट्ठी में कुछ था, लाल चूड़ियों का वही पुराना डिब्बा जिसे उसने वर्षों से संभालकर रखा था। उसने डिब्बा खोला, एक पल के लिए उन चूड़ियों को देखा। फिर उन्हें वापस डिब्बे में रखा और अपने पास रख लिया। उन्हें जल में बहाने की जरूरत नहीं थी। कुछ स्मृतियों को नष्ट नहीं किया जाता। बस उनका अधिकार छीन लिया जाता है। मां की प्रतिमा जल में धीरे-धीरे विलीन हो रही थी। काव्या ने हाथ जोड़ दिए। इस बार उसने कुछ नहीं मांगा। ना सौरव, ना बीता हुआ समय, और ना कोई अधूरा भविष्य। बस उसकी आंखों में एक शांत-सी चमक थी। उसे लगा, जैसे उसके भीतर भी कोई पुराना विश्वास धीरे-धीरे विसर्जित हो रहा है, यह विश्वास कि प्रेम को पाने के लिए स्वयं को खो देना पड़ता है। उसने आंखें बंद कर लीं। ढाक की आखिरी थाप हवा में कहीं दूर तक गई, और काव्या ने पहली बार महसूस किया, मां दुर्गा जा नहीं रही थीं। शायद वे पहली बार उसके भीतर रहने आई थीं। उस दिन मां दुर्गा का विसर्जन नहीं हुआ था। बस उसकी प्रार्थना का अर्थ बदलकर उसके भीतर रह गया था।

कवि कॉर्नर

कविता | नरेंद्र कुमार



दशहरा

आया - आया दशहरे का त्योहार।
रावण , मेघनाथ का करो सिंगार।।

रावण का बड़ा पुतला दस सिर वाला।
लम्बी - लम्बी मूंछें मुंह फिर काला।।

पाखंडी बनके सीता का हरण किया।
हनुमान ने भी ढूंढने का प्रण लिया।।

राम - लक्ष्मण ने लंका में युद्ध किया।
राम ने रावण को दण्ड ख़ुद दिया।।

सौंप के राज विभीषण को लंका का।
तीनों लोक में बजा दिया डंका सा।।

कविता | सपना



इंसान

क्यों हर चेहरे पे मुखौटा है ?
क्यों हर शब्द में बनावट है ?
विचित्र है इंसान,छोड़ अपनी छवि
औरों पे सवाल उठाता है ।

क्यों हर हँसी कृत्रिम है ?
क्यों हर प्रशंसा छलपूर्ण है ?
विचित्र है इंसान,छोड़ अपनी मर्यादा
औरों को व्यवहार सिखाता है ।

क्यों हर भरोसे में विश्वासघात है ?
क्यों हर कर्म स्वार्थपूर्ण है ?
विचित्र है इंसान,छोड़ अपना कर्तव्य
औरों को दायित्व समझाता है ।

क्यों हर शब्द में अहंकार है ?
क्यों हर कथन में कड़वाहट है ?
विचित्र है इंसान,छोड़ अपना स्वभाव
औरों को नम्रता का पाठ पढ़ाता है ।

क्यों हर व्यवहार में मिथ्या है ?
क्यों हर आचरण में ढोंग है ?
विचित्र है इंसान,छोड़ अपनी वास्तविकता
औरों को यथार्थ दिखाता है ।

हमारे देश में जूतों का बड़ा नाम है...



व्यंग्य | आसिम अनमोल



जूतों का इतिहास बेहद प्राचीन और दिलचस्प रहा है , जो मौसम और पथरीली ज़मीन से पैरों की सुरक्षा करने की ज़रूरत से शुरू होकर आज चारों तरफ़ उछल रहा फैशन का सबसे बड़ा हिस्सा बन चुका है। हमारे देश में जूतों की भी अपनी संस्कृति हुआ करती थी। जूतों को बड़े सम्मान से पैरों में पहना जाता था। जूते हमारे पैरों का विशेष ध्यान रखते थे। आज जूते पैरों से उतरकर हाथों की शोभा बढ़ा रहे हैं। आज हाथों से उछलकर संसद तक अपनी प्रतिष्ठा दिखा रहे हैं। जूते कम समय में इतनी बड़ी पहचान बना लेंगे, यह कल्पना भी नहीं की गई थी। यहां कुछ न चल रहा हो लेकिन जूते ऐसे चल पड़ते हैं, जैसे हमारे देश में मुंह उठाकर महंगाई चल पड़ती है। जूतों ने विगत वर्षों में कई ज़ोरदार आवाज़े उठाई हैं। कहीं व्यवस्था, युद्ध या फैसलों से तंग आकर जूता रूपी आवाज़ उठी है। कहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्लू बुश को एक पत्रकार द्वारा यह कहकर तोहफे में दिए गए हैं कि यह इराक के अनाथों और विधवाओं की तरफ़ से विदाई का चुम्बन है। गौरतलब है कि इसी घटना के बाद से जूता फेंककर विरोध जताने का एक अनोखा चलन शुरू हो गया। अब जूते की भी अपनी एक आवाज़ स्थापित हो गई। जैसे नेता बोलने में माहिर होता है, वैसे ही जूता भी अब खामोश नहीं रहता। उछलकर खुद को स्थापित करता है। जूता उछालना और गुस्से का इज़हार करना अब प्रसांगिक हो गया है। यानी जूता जूता होता है। इसलिए जूते से जूते जैसा काम लिया जाता है। जूता उछालने पर सामने वाले की इज्ज़त भले ही जूते जैसी हो जाए। इससे जूते को कोई ख़ास फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि जूता इंसान नहीं जूता होता है। जूते का काम जुबान बनकर सीधा सवाल करना होता है। अब तो मीडिया को भी इंतज़ार रहता है कि कब प्रेस कॉन्फ्रेंस हो और कब जूता किसी की इज्ज़त पर शेयर मार्केट की तरह उछले और हमें बैठे बिठाए कवरेज हासिल हो जाए। यहां जूते को कोई नज़रअंदाज़ नहीं कर सकता। न ही जूता कोई फ़ालतू चीज़ होता है। जूता जुबान से लेकर हाथों से उछालने या मारने जैसी प्रक्रिया से होकर गुज़रता है। किसी से अनबन हुई तो बंदा तुरंत जूते की फिजिकल फिटनेस का परिचय देते हुए संबोधित करता है कि बेहिसाब पड़ेंगे। अब भले ही पड़े एक भी नहीं। यही तो जूते की सबसे बड़ी विशेषता होती है कि जूता चला भी नहीं और जूते ने अपना काम भी कर दिया। और जहां चला, वहां जूते ने अपना नाम कर दिया। असल में जूते कभी शोरूमों की शोभा एवं पैरों की जीनत हुआ करते थे। दौर बदला तो जूते शोरूमों से बाहर आकर अपनी अहमियत दिखाने लगे। तभी से जूतों ने अपनी ताक़त को पहचानना आरम्भ कर दिया। जिधर देखिए, जूते को फेंककर मारने की परंपरा विकसित होती जा रही है। जूते चलाने में एक सुविधा का जिक्र भी कर दूं कि जुबान थकने से बच जाती है। दिमाग़ की ऊर्जा भी बर्बाद नहीं होती। यानी जूते का काम बड़ा आसान है। इसी लिए हमारे देश में जूते का बड़ा नाम है।

कुछ हटकर

एआई से करियर को दें नई उड़ान

सेंट्रल डेस्क

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल अब केवल तकनीकी कंपनियों तक सीमित नहीं है। शिक्षा, बैंकिंग, मीडिया, डिजिटल विपणन और कारोबार में भी एआई उपकरणों की मदद ली जा रही है। इससे युवाओं के लिए करियर के नए विकल्प सामने आ रहे हैं। एआई सीखने के लिए शुरुआत में महंगी डिग्री जरूरी नहीं, लेकिन बेहतर नौकरी पाने के लिए संबंधित कौशल और व्यावहारिक अनुभव महत्वपूर्ण हैं।

युवा अपनी रुचि और शैक्षणिक योग्यता के अनुसार एआई उपकरणों का उपयोग, डेटा विश्लेषण, प्रोग्रामिंग या मशीन लर्निंग सीख सकते हैं। सरकारी पोर्टल और कई तकनीकी कंपनियां ऑनलाइन प्रशिक्षण के विकल्प उपलब्ध कराती हैं। तकनीकी पदों पर वेतन अधिक हो सकता है, लेकिन कमाई योग्यता, अनुभव और नियोक्ता पर निर्भर करती है। केवल प्रमाणपत्र हासिल करने के बजाय वास्तविक परियोजनाओं पर अभ्यास करना और नौकरी की जरूरतों के अनुसार कौशल विकसित करना जरूरी है।

कौशल जरूरी

युवा अपनी रुचि और शैक्षणिक योग्यता के अनुसार एआई उपकरणों का उपयोग, डेटा विश्लेषण, प्रोग्रामिंग या मशीन लर्निंग सीख सकते हैं। सरकारी पोर्टल और कई तकनीकी कंपनियां ऑनलाइन प्रशिक्षण के विकल्प उपलब्ध कराती हैं। तकनीकी पदों पर वेतन अधिक हो सकता है, लेकिन कमाई योग्यता, अनुभव और नियोक्ता पर निर्भर करती है। केवल प्रमाणपत्र हासिल करने के बजाय वास्तविक परियोजनाओं पर अभ्यास करना और नौकरी की जरूरतों के अनुसार कौशल विकसित करना जरूरी है।



प्रशिक्षण विकल्प

- आईबीएम स्किल्सबिल्डः एआई, डेटा और डिजिटल कौशल के ऑनलाइन पाठ्यक्रम।
- माइक्रोसॉफ्टः एआई की बुनियादी जानकारी और व्यावहारिक उपयोग सीखने के संसाधन।
- कनाइलिटः एआई, मशीन लर्निंग और प्रोग्रामिंग से संबंधित पाठ्यक्रम।

कितनी पढ़ाई जरूरी

- एआई उपकरणों का सामान्य इस्तेमाल सीखने के लिए 10वीं या 12वीं के बाद भी शुरुआत संभव।
- डेटा विश्लेषण के लिए आंकड़ों और कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी उपयोगी।
- ड-एआई इंजीनियर या मशीन लर्निंग विशेषज्ञ बनने के लिए प्रोग्रामिंग, गणित और संबंधित तकनीकी ज्ञान जरूरी।
- कुछ तकनीकी पदों पर स्नातक डिग्री या उच्च शैक्षणिक योग्यता मांगी जाती है।

कितनी हो सकती है कमाई

एआई और मशीन लर्निंग से जुड़े कुछ तकनीकी पदों पर शुरुआती वेतन लगभग 4 से 10 लाख रुपये सालाना या अधिक हो सकता है।-डिजिटल सामग्री और एआई उपकरणों से जुड़े शुरुआती कामों में कमाई कम हो सकती है।-स्वतंत्र रूप से काम करने वालों की आय ग्राहकों, परियोजनाओं और काम की गुणवत्ता पर निर्भर करती है।यहां मिलेंगे अवसर-आईटी कंपनियों, बैंकिंग, ई-कॉमर्स और स्वास्थ्य सेवाओं में।-मीडिया, डिजिटल विपणन और शिक्षा क्षेत्र में।-डेटा विश्लेषण, तकनीकी सहायता और एआई आधारित सॉफ्टवेयर विकास में।-नौकरी के लिए आवेदन करने से पहले संबंधित पद की योग्यता और अनुभव की शर्तें देखें।

मोटिवेशनल

हम अक्सर खुशियों को टालते क्यों रहते हैं ?

हम अक्सर सोचते हैं कि जब हमारी नौकरी बेहतर होगी, आय बढ़ जाएगी या सारी मुश्किलें दूर हो जाएंगी, तब हम चैन से खुश हो पाएंगे। इसी 'तब' के इंतजार में वर्तमान का खूबसूरत पल पीछे छूटता चला जाता है। हम छोटी खुशियों को इस बहाने टाल देते हैं कि अभी बहुत कुछ पाना शेष है। और इसी इंतजार में हम आज को जीना भूल जाते हैं। परंतु जीवन कभी भी समस्याओं से पूरी तरह मुक्त नहीं होता। एक समस्या सुलझती है, तो दूसरी खड़ी हो जाती है। फिर खुश होने के लिए किसी विशेष दिन का इंतजार क्यों करना?



डॉ. रोहित बंसल
मोटिवेशनल स्पीकर

कभी-कभी हम खुशी के इंतजार में उस खुशी को ही खो देते हैं, जो हमारे पास पहले से होती है। अचानक मिलने वाली छोटी सी खुशी भी जीवन को सुंदर बना देती है। खुशी कोई पड़ाव नहीं है, बल्कि उन छोटे पलों का अहसास है जिन्हें हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। खुशी के लिए हमेशा बड़ी उपलब्धियों की जरूरत नहीं होती, कभी-कभी मन का सुकून ही सबसे बड़ी खुशी होता है। अतः जीवन को केवल एक बेहतर भविष्य की प्रतीक्षा में नष्ट न करें। जो खुशी आज आपके पास है, उसका आनंद आज ही लें—क्योंकि जीवन इंतजार करने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए है। इसके लिए हमेशा खुश रहने के निम्न प्रमुख तरीके अपनाएं।

तुलना करना बंद करें: दूसरों से अपनी तुलना करना छोड़ दें और जो कुछ आपके पास है, उसके लिए आभार (कृतज्ञता) व्यक्त करें।

वर्तमान में जिएं: भविष्य की चिंता या बीती हुई बातों के बारे में ज्यादा सोचने के बजाय आज और इस पल में जीना सीखें।

नियमित व्यायाम और नींद: मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए रोजाना कम से कम 7 से 8 घंटे की भरपूर नींद लें और नियमित व्यायाम करें।

संतुलित आहार लें: अपने खान-पान में ताजे फल, हरी सब्जियां और पौष्टिक आहार को शामिल करें।

लघुकथा

सैन्य अनुशासन

सुबह-सुबह कर्नल साहब ने अपनी रौबदार आवाज में पत्नी से कहा —
"जरा स्टोर की चाबी देना, कुछ निकालना है।"
पत्नी ने चाबी तो थमाई, साथ ही हिदायत भी दी —
"काम हो जाए तो ठीक से ताला बंद कर दीजिएगा, कामवाली आने वाली है।"
कर्नल साहब बड़े एहतियात से स्टोर में गए, कुछ ढूँढा, फिर पूरे आत्मविश्वास के साथ ताला लगाया— क्लिक!
चाबी वापस पत्नी को देते हुए बोले, "मिशन पूरा!"
दोपहर को जब पत्नी जी स्टोर में कुछ निकालने पहुंचीं तो नजर पड़ते ही माथा ठनका।
डंडाले के दो छिद्रों में से ताला ऊपर वाले छिद्र में झूल रहा था यानी ताला तो बस दिखावे का पहरा था!
जो चाहे, बिना चाबी के स्टोर खोल ले!



नील मणि
साहित्यकार

स्टोर के दरवाजे पर दो छिद्रों वाला छोटा डंडाला लगा था जिसमें नीचे वाले छिद्र में रोड डालने के बाद डंडाला नीचे दबा ऊपर से ताला लगाते हैं।
पत्नी ने आवाज लगाई -"सुनिए जरा, आपने ताला लगाया था?"
कर्नल साहब ने गर्व से कहा, "हां, बिल्कुल लगाया था! क्यों?"
"जरा खोल दीजिए"
कर्नल साहब मिशन मोड में बड़े आत्मविश्वास के साथ चाबी लेकर स्टोर की ओर कूच कर गए। ताले में चाबी छिद्र में चाबी डालने ही वाले थे कि देखा- ताला तो शोभा की चीज बना हुआ था। डंडाला तो बिना चाबी के ही खुल गया!
क्षणभर के लिए दोनों की निगाहें मिलीं —
अब पत्नी की आंखों में मौन मुस्कान, कर्नल साहब के चेहरे पर झेंपी हुई बहादुरी और शौर्य से उपजा संकोच तैर रहा था।
पत्नी बुदबुदाई —
"सैन्य अनुशासन घर आते-आते पता नहीं कहां छुट्टी पर चला जाता है।"

खबर संक्षेप

बच्चेदानी की गांठ का दूरबीन विधि से ऑपरेशन

हिसार। जिंदल चौक स्थित लाइफलाइन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एलआइएमएस) में 12×14 सेंटीमीटर आकार की बड़ी बच्चेदानी की गांठ का दूरबीन विधि से सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज पिछले एक वर्ष से अत्यधिक मासिक रक्तस्राव की समस्या से परेशान थी। जांच के बाद अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्वेता ने विशेषज्ञ टीम के साथ आधुनिक लैप्रोस्कोपिक तकनीक से सर्जरी की। अस्पताल के अनुसार, गांठ के बड़े आकार के बावजूद न्यूनतम चीरा तकनीक के माध्यम से ऑपरेशन किया गया।

15 नवंबर को निकलेगी विशाल गो निशान यात्रा

हिसार। गौ सेवा हेल्प लाइन समिति की ओर से 15 नवंबर को हिसार में विशाल गौ निशान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की तैयारियों और आयोजन की जानकारी देने के लिए समाजसेवी जगदीश तायल की अध्यक्षता में देवी भवन मंदिर स्थित गोयंका सदन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति संचालक और गौ सेवक सीताराम सिंगल ने यात्रा की रूपरेखा साझा की। सीताराम सिंगल ने बताया कि यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि गौ माता की सेवा और रक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने तथा सेवा भावना को प्रोत्साहित करने का प्रयास है। यात्रा में हजारों महिलाओं सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त गौ माता के ध्वज लेकर भजन-कीर्तन करते हुए पैदल चलेंगे। यात्रा 15 नवंबर को सुबह 8 बजे देवी भवन मंदिर, हिसार से शुरू होकर तलवंडी राणा स्थित उमा मनोहर गौ सेवा सदन पहुंचेगी।

शमशेर फिर सैनी धर्मार्थ ट्रस्ट नारनौंद के प्रधान बने

नारनौंद । सैनी धर्मार्थ ट्रस्ट, नारनौंद में रविवार को नई कार्यकारिणी के गठन और प्रधान पद के चुनाव के लिए बैठक हुई। इसमें समाज के गणमान्य व्यक्तियों, बुजुर्गों और महिलाओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से मौजूदा प्रधान शमशेर सैनी को दोबारा ट्रस्ट का प्रधान चुना गया। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए पूर्व नगरपालिका प्रधान शमशेर सैनी को सचिव और रणधीर सिंह सैनी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। उपस्थित लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों पर विश्वास जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि वे समाजसेवा और ट्रस्ट के कार्यों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

शबरी की श्रद्धा देखकर मंत्रमुग्ध हो गए प्रभु श्रीराम, खाए जूठे बेर

कटला रामलीला में सुग्रीव मित्रता बाली वध व लंका दहन का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

प्रभु श्रीराम के प्रति आस्था जताते हुए सैकड़ों दर्शकों ने पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में चल रही कटला रामलीला का आनंद उठाया। रामलीला के आठवें दिन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त स्वामी श्रीराम वल्लभ शर्मा के सान्निध्य में वृंदावन के उच्चकोटि के कलाकारों ने शबरी चरित्र, सुग्रीव मित्रता, बाली वध व लंका दहन का मंचन किया। वर्षों से प्रभु श्रीराम के दर्शनों की प्रतीक्षा कर रही शबरी की कुटिया में जब श्रीराम व लक्ष्मण पहुंचे तो वह अभिभूत हो गई। बेर खट्टे तो नहीं यह सुनिश्चित करने के लिए शबरी ने बेर चखकर प्रभु श्रीराम को भेंट किए। श्रीराम ने भी प्रेमपूर्वक बेर को ग्रहण किया। दरअसल कलाकारों ने कटला रामलीला के मंच पर शबरी के निश्छल प्रेम व भक्ति की पराकाष्ठा से साक्षात्कार करवा दिया। इसके उपरांत सुग्रीव से मित्रता व बाली वध के प्रसंग का भी जीवंत मंचन करके कलाकारों ने तालियां बटोरी। वृंदावन के कलाकारों ने लंका दहन के प्रसंग को भी बड़ी रोचकता के साथ प्रस्तुत किया।



हिसार। पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में कटला रामलीला का मंचन करते वृंदावन के कलाकार। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस दौरान अशीष जैन, दीपक अग्रवाल, रघुबीर गोयल, अनिल मित्तल, बिजेंद्र बेनीवाल, शिव कुमार मित्तल, अनिल गोयल, चंद्रशेखर शर्मा, दिनेश गुप्ता, रामप्रकाश ग्रोवर व अश्विनी गर्ग बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। रामलीला के दौरान श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता, सचिव ललित गोयल, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार लोहिया, उप प्रधान अनूप बिंदल, सह सचिव राजकुमार जैन, कार्यकारिणी सदस्य विनोद कंसल, राजेश बंसल, राधेश्याम अग्रवाल, चंद्रभान सोनी, दिनेश जैन व प्रवीन सिंगल ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर रामलीला में सोहनलाल सिंगल, राजेश शर्मा, दिनेश डाबड़ा, अश्विनी शर्मा, डॉ. सुभाष शर्मा, राकेश सिंगल, नवीन गोयल, हरीश गोयल, अरविंद गुप्ता अशोक शर्मा, सीताराम सिंगल, राजेंद्र बंसल नेताजी, रामनिवास परसा, अंजनी कंसल, मनोहर बिंदल, केशव सिंगल, अनिल महाजन, अशोक गुप्ता, कमल सिंगल, सतीश बंसल, नंदकिशोर, संजीव जिंदल, विपिन जैन, राजेश गोयल, सीताराम मंगल, रामपाल चौहान, पंकज गर्ग, वीरभान बंसल, सज्जन गुप्ता, जनकराज, विनोद वर्मा, ललित सैनी, आशीष जैन, अजय सिंगल, राजन गुप्ता, राजकुमार मित्तल, कमल गोयल, सूर्या गोयल व सत्यनारायण सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

धर्म और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है नवरात्रः कृष्ण बेदी



नारनौंद । प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने रविवार को नवरात्र पर्व के उपलक्ष्य में गांव भकलाना में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने धार्मिक आयोजन में भाग लेकर श्रद्धा और आस्था व्यक्त की तथा प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कृष्ण बेदी ने कहा कि नवरात्र का पर्व भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में विशेष महत्व रखता है। यह मां दुर्गा की आराधना, शक्ति की उपासना और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। नवरात्र के दौरान श्रद्धालु मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। यह पर्व सत्य, धर्म, सदाचार और सकारात्मक विचारों के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव और एकता की भावना को मजबूत करती हैं। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। ऐसे कार्यक्रम सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत के महत्व से परिचित करवाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। मंत्री ने कहा कि नवरात्र जैसे पावन अवसर समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करने, आपसी सहयोग बढ़ाने और मानव सेवा को प्राथमिकता देने का संदेश देते हैं। धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की परंपरा को मजबूत बनाए रखें तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लें।

रावण की गर्जना से गूंजा लोहारी राघो, गुस्से में गिलास तोड़ने पर गूंज उठीं तालियां



नारनौंद । लोहारी राघो की ऐतिहासिक रामलीला में सीता हरण के मंचन ने ऐसा रोमांच पैदा किया कि श्रद्धालुओं से खचाखच भरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। रावण की भूमिका निभा रहे विक्रम चावला की दमदार गर्जना और गुस्से में हथेलियों के बीच शराब का गिलास तोड़ने के दृश्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुछ पल के लिए पंडाल में सन्नाटा छा गया, लेकिन इसके बाद तालियों की गूंज ने कलाकारों का उत्साह बढ़ा दिया। मंचन में पंचवटी में शूर्पणखा द्वारा भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखने, लक्ष्मण द्वारा उसकी नाक काटने और इसके प्रतिशोध में रावण के साधु वेश धारण कर माता सीता का हरण करने के प्रसंग को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। श्री रामा रामलीला क्लब के प्रधान सेवक गुलशन भ्याना ने कलाकारों की मेहनत और शानदार अभिनय की सराहना की। विक्रम चावला बने आकर्षण का केंद्र राम की भूमिका हर्ष भ्याना, लक्ष्मण की साहिल अरोड़ा, सीता की विजय कुमार और शूर्पणखा की भूमिका वेद चांदना ने निभाई। खर के रूप में जितेंद्र मुंडा और दूषण के रूप में पुष्कर चावला सहित अन्य कलाकारों ने भी अपने अभिनय से दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी।

बद्री-केदार रामलीला में अंगद-रावण संवाद का मंचन



हिसार। श्री बद्री-केदार रामलीला में भगवान श्रीराम की लीला के अंतर्गत भव्य लंका दहन एवं अंगद-रावण संवाद का मंचन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि पीपी शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल दिनेश चंद्र सेमवाल ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्रीरामचरितमानस सेवा समिति के कार्यकारिणी सदस्य अशोक सिंह चौहान, सुनील सिंहवैया, कमल महत्ता और कृष्ण कुमार ऐलाबादी उपस्थित रहे। वृंदावन धाम, मथुरा से आए कलाकारों ने दोनों प्रसंगों का मंचन कर भक्ति, वीरता, शौर्य और धर्म की विजय का जीवंत चित्रण किया। लंका दहन के प्रसंग में माता सीता की खोज के बाद हनुमान जी द्वारा लंका में अपने अद्भुत पराक्रम का परिचय देने और सोने की लंका को अग्नि के हवाले करने का दृश्य विशेष आकर्षण रहा। रंग-बिरंगी रोशनी और भव्य सजावट से सजी लंका के दहन के दृश्य ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। बद्री-केदार रामलीला के प्रेस सचिव हरीश भट्ट ने बताया कि रामलीला के माध्यम से समाज को प्रेरणा दी गई कि अहंकार चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, सत्य और धर्म के सामने उसे पराजित होना ही पड़ता है।

नवरात्र पर सूर्य नगर अंडरपास की दीवारों पर उकेरे आकर्षक चित्र

- हमारा प्यार हिसार' की पहल में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हिसार नवरात्रों के अवसर पर 'हमारा प्यार हिसार' की टीम ने सूर्य नगर अंडरपास के सौंदर्यीकरण अभियान को आगे बढ़ाते हुए दीवारों पर आकर्षक चित्रकारी की। इस रचनात्मक पहल में नन्हे बच्चों से लेकर वरिष्ठ सदस्यों तक ने उत्साह के साथ भाग लिया और श्रमदान कर अंडरपास को सुंदर स्वरूप देने में योगदान दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सप्ताहों से अंडरपास की दीवारों पर सफेद पेंट करके चित्रकारी के लिए आधार तैयार किया जा रहा था। इसी कड़ी में आयोजित पेंटिंग अभियान में सुशील खरींटा, डॉ. एसके गर्ग, डॉ. राज वर्मा, आर्टिस्ट हरीश चंद्रा, डॉ. मंगलसेन मलिक, प्रो. हरीश भाटिया, अदेश मलिक, कमल भाटिया, सुमन ऐरन, मधु गोयल, डॉ. बीबी बांगा, सत्येंद्र यादव, जितेंद्र बंसल, युद्धवीर पान्नु, राजन वर्मा, राजवीर दुहन, अनिल कुमार, मनीष गोयल, देवेंद्र, पूर्वी बंसल, भाविका, आहना, अभिमन्यु, तन्वी, भाव्या, समर्थ, ध्रुव, सान्वी और सायरा सहित अनेक स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।



सनातन धर्म मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मां-बच्चों ने बिखेरे खुशियों के रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सनातन धर्म मॉडर्न पब्लिक स्कूल में कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों और उनकी माताओं के लिए रास रंग उत्सव का आयोजन किया गया। मां और बच्चे के अनमोल रिश्ते को समर्पित इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मनोरंजक खेलों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रेम, विश्वास और आपसी जुड़ाव का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वर्षा अग्रवाल और निशा अग्रवाल, प्रधानाचार्या ऋतु सिंह तथा अन्य अतिथियों ने नवदुर्गा पूजन के साथ किया। इस दौरान संतोष खरडिया, आरजू सिंगला, रुचि जैन, बबीता सिंगला, गीतांजलि गोयल और प्राची खरडिया सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।



हांसी। मॉमी एंड मी प्रतियोगिता में अपने बच्चों के भाग लेती महिलाएं

कार्यक्रम के तहत आयोजित मां एंड मी गतिविधि में माताओं और बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं, रैंप वॉक विद मॉम में प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास और आकर्षक अंदाज से सभी का ध्यान खींचा। मनोरंजक खेलों, रंगारंग नृत्य और अन्य गतिविधियों ने आयोजन को उत्साहपूर्ण बना दिया। प्रतियोगिताओं में मॉमी एंड मी में जियाना और उनकी माता रमन ने प्रथम, टिशा और उनकी माता सीमा ने द्वितीय तथा ईशानी और उनकी माता नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 'रैंप वॉक विद मॉम' में वेदांसी प्रथम, प्रणव द्वितीय और आदया तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। प्रधानाचार्या ऋतु सिंह ने कहा कि मां बच्चे की पहली गुरु और सबसे बड़ी प्रेरणास्रोत होती है।

न्यूज डायरी



हनुमान ने जला दी सोने की लंका

आदमपुर। अनाज मंडी में व्यापार मंडल के सहयोग से चल रही आदमपुर की ऐतिहासिक श्री लक्ष्मी कला मंडल के बैनर तले चल रही रामलीला के आठवें दिन अशोक वाटिका, रावण-हनुमान संवाद तथा लंका-दहन के दृश्य का शानदार मंचन किया गया। रामलीला का शुभारंभ अनिल बंसल कानपुर, कुश कुमार, मोहित बंसल, दिनेश गुप्ता, ताराचंद बुड़ाकिया, कृष्ण बुड़ाकिया, किरयाना एसोसिएशन के अध्यक्ष आकाश सेठी, श्रवण मोहब्बतपुरिया, मोहन गर्ग व राकेश मक्कड़ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रामलीला के दौरान हनुमान द्वारा अशोक वाटिका में पहुंचकर उसे नष्ट करने का दृश्य बहुत ही सुन्दर तरीके से प्रस्तुत किया गया। हनुमान जी द्वारा फल-फूल तोड़कर पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचाते हैं। जोरदार लड़ाई के पश्चात मेघनाद द्वारा ब्रह्म-फांस का उपयोग किया जाता है। जिस पर हनुमान ब्रह्म-फांस का मान रखने हेतु समर्पण कर लेते हैं और बंदी बन जाते हैं। रावण की सेना के द्वारा हनुमान की पूंछ में आग लगा दी जाती है और हनुमान उस आग की लपटों से लंका में आग लगाकर पूरी लंका को आग में झोंक देते हैं।



संघ ने मनाया विजयादशमी उत्सव

हिसार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से केशव नगर में विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कर्नल अंकित मुख्य अतिथि और जिला कार्यवाह सतीश जी मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर सह जिला संघचालक मोहित जी, केशव नगर संघचालक राहुल जी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और स्वयंसेवक उपस्थित रहे। उत्सव के दौरान स्वयंसेवकों ने अनुशासित एवं सुव्यवस्थित पथ संचलन निकाला। मुख्य वक्ता सतीश ने संघ के शताब्दी वर्ष के संदर्भ में सेवा कार्यों और राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि कर्नल अंकित ने कहा कि राष्ट्र निर्माण की शुरुआत स्वयं से होती है। कार्यक्रम में पंच परिवर्तन के पांच प्रमुख विषयों सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी एवं स्वबोध और नागरिक कर्तव्यों के पालन पर जोर दिया गया।



किसान गोष्ठी में पशुपालकों को किया जागरूक

हिसार। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), के हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र, बहल की ओर से राजकीय पशु चिकित्सालय ईशरवाल के सहयोग से पशुपालकों के लिए किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। दुधारू पशुओं के प्रमुख जूनोटिक रोग: बचाव एवं नियंत्रण के उपाय विषय पर आयोजित गोष्ठी में पशुपालकों को पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों, उनके संक्रमण के तरीकों और बचाव के वैज्ञानिक उपायों की जानकारी दी गई। हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र, बहल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. राजेश और राजकीय पशु चिकित्सालय ईशरवाल के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमिल सांगवान ने भी आयोजन में सहयोग दिया। कार्यक्रम में लुवास के सहायक प्रोफेसर डॉ. मनेश कुमार ने बताया कि ब्रुसेलोसिस, क्षय रोग (टीबी) और रेबीज जैसे रोग पशु एवं मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बन सकते हैं। योजन में हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र, बहल के सहायक प्रदीप सांगवान, पशु परिचारक मोहित और राहुल के अलावा राजकीय पशु चिकित्सालय ईशरवाल के वीएलडीए सुनील चहल, प्रदीप पंघाल और पशु परिचारक प्रीतम का विशेष सहयोग रहा।



रावण ने छल से किया माता सीता का हरण

हिसार। श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक की ओर से मुलतानी चौक पार्क में बड़े पर्दे पर दिखाई जा रही रामलीला के सातवें दिन सीता हरण, जटाऊ उद्धार व सीता की खोज का प्रसंग दिखाया गया। लीला में दिखाया गया कि लक्ष्मण द्वारा जब रावण की बहन सरुपनखा की नाक काट दी जाती है तो क्रोधित हुआ रावण राम-लक्ष्मण को सबक सिखाने के लिए भेष बदलकर साधु के रुप में राम की कुटिया में जाता है तथा भिक्षा देने के नाम पर सीता को लक्ष्मण रेखा से बाहर बुलाकर छल से हरण कर लेता है। पक्षी जटायु द्वारा जब रावण का विरोध किया जाता है तो रावण उसके पंख काट देता है। उधर सीता को कुटिया में न पाकर दोनों भाई परेशान हो उठते हैं। वे सीता की खोज में निकल पड़ते हैं। उनकी मुलाकात हनुमान, जामवंत, सुग्रीव, अंगद आदि से होती है। बाली वध के बाद लीला को विराम दिया गया।

युवाओं को नशे से दूर रहने व योग और खेलों से जुड़ने का दिया संदेश



हिसार। युवाओं को नशे से दूर रखने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत केंद्र, हिसार एवं आजाद हिंद युवा क्लब, किरतान के संयुक्त तत्वावधान में कन्या गुरुकुल, डोभी में 100 सप्ताह के नशामुक्त युवा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य ने युवाओं को योग और खेलों से जुड़ने का संदेश देते हुए कहा कि नशे से दूर रखने के लिए योग और खेल दो सबसे बड़े हथियार हैं। कपूर सिंह आर्य ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में युवाओं को नशे से बचाना बेहद जरूरी हो गया है। इसके लिए प्रत्येक युवा को नियमित रूप से योग करना चाहिए। सुबह योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और व्यक्ति बेहतर जीवनशैली अपना सकता है। स्वस्थ शरीर और सकारात्मक सोच युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने में मदद करती है।

आदमपुर में बजरंग गर्ग आज देंगे अग्रोहा मेले का न्योता

आदमपुर। अग्रोहा धाम में 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशाल अग्रोहा मेले की तैयारियों को लेकर सोमवार को आदमपुर में बैठक होगी। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष घीसाराम जैन व धाम के प्रदेश युवा सचिव गौरव सिंगला ने बताया कि अग्रोहा विकास ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग सुबह 11 बजे आदमपुर स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पहुंचेंगे और क्षेत्रवासियों को मेले का न्योता देंगे। बैठक में मेले की तैयारियों, अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आयोजन को सफल बनाने को लेकर चर्चा की जाएगी। आदमपुर युवा इकाई की ओर से क्षेत्र के गणमान्य लोगों, समाजसेवियों और अग्रवाल समाज के सदस्यों से बैठक में समय पर पहुंचने की अपील की गई है। विशाल अग्रोहा मेले में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

लीडिंग एंजेल पब्लिक स्कूल में मनी नवरात्रि



हिसार। के लीडिंग एंजेल पब्लिक स्कूल में नवरात्रि का त्योहार एक विशेष सुबह की सभा (मॉर्निंग असेंबली) के साथ मनाया गया, जो पूरी तरह से श्रद्धा और सांस्कृतिक भावना से ओत-प्रोत थी। 'सुपर्ब हाउस' के विद्यार्थियों ने देवी दुर्गा के नौ रूपों को दर्शाते हुए एक सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने अपने हुनर और उत्साह से सबका मन मोह लिया। प्रधानाचार्या बिमला दलाल ने सभी को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और देवी दुर्गा से सबके लिए सुख, समृद्धि और सफलता की प्रार्थना की। इस आयोजन ने विद्यार्थियों के मन में भारतीय संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना जगाई।

चौकसी

एसपी विनोद कुमार ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

सुरक्षा ड्यूटी, रूट प्लान, पार्किंग और हेलीपैड के इंतजाम की ली जानकारी

राखीगढ़ी महोत्सवः सीएम के दौरे को लेकर पुलिस अलर्ट, फाइनल रिहर्सल में परखी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

राखीगढ़ी महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचने के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर पुलिस ने फाइनल रिहर्सल कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने राखीगढ़ी म्यूजियम में अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस ड्यूटियों, यातायात प्रबंधन, वाहनों की पार्किंग, निर्धारित रूट प्लान और हेलीपैड से जुड़ी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रबंध निर्धारित योजना के अनुसार समय रहते पूरे किए जाएं। प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी अपनी ड्यूटी व जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहे तथा सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी पहलुओं की बारीकी से जांच करे। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि वीवीआईपी दौरे के दौरान सतर्कता, अनुशासन, आपसी तालमेल और समयबद्ध तैयारी बेहद जरूरी है। सभी अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें।



नारनौंद। पुलिस कर्मचारियों को निर्देश देते एसपी विनोद कुमार।

मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए सज-धज कर तैयार है महोत्सव स्थल

नारनौंद। अंतरराष्ट्रीय राखीगढ़ी महोत्सव के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। ऐतिहासिक राखीगढ़ी में आयोजित होने वाले महोत्सव के लिए समारोह स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। अतिथियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए बैठने, आवागमन, पेयजल, स्वच्छता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने महोत्सव स्थल का निरीक्षण कर संबंधित विभागों के अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय राखीगढ़ी महोत्सव क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत, समृद्ध संस्कृति और प्राचीन सभ्यता को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि महोत्सव में आने वाले प्रत्येक अतिथि और पर्यटक को बेहतर सुविधाएं मिलें तथा सभी कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित हों। उन्होंने कहा कि महोत्सव के लिए राखीगढ़ी सज-धज कर तैयार है और सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अंतरराष्ट्रीय राखीगढ़ी महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए स्टेडियम में हेलीपैड बनाया गया है। उनके आगमन से लेकर महोत्सव स्थल तक पहुंचने और विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। मुख्यमंत्री राखीगढ़ी संग्रहालय से ई-कार्ट में सवार होकर महोत्सव स्थल तक पहुंचेंगे। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन, ई-कार्ट के आवागमन और समारोह स्थल पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच कर ली जाए।



हॉकी हरियाणा की टीम ने क्वार्टर फाइनल में दिखाया दमदार प्रदर्शन

16वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चंडीगढ़ को 5-1 से हराकर हरियाणा ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

हरपाल ने 26वें व 28वें मिनट में किए लगातार दो गोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

झांसी में चल रही 16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हॉकी हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। रविवार सुबह खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हरियाणा ने हॉकी चंडीगढ़ को 5-1 से पराजित किया। टीम की इस उपलब्धि पर हॉकी हरियाणा के अध्यक्ष एडवोकेट जयदीप मलिक और उपाध्यक्ष सुनील मलिक ने कोच व टीम कप्तान से बातचीत कर पूरी टीम को बधाई दी। कोच द्रोणाचार्य अवार्डी संदीप सांगवान ने बताया कि मुकाबले में हरियाणा की ओर से दीपक ने 20वें मिनट में गोल कर टीम का खाता खोला। इसके बाद हरपाल ने 26वें और 28वें मिनट में लगातार दो फील्ड गोल करके हरियाणा की बढ़त 3-0 कर दी। मैच के 51वें मिनट में पंकज ने फील्ड गोल दागकर स्कोर 4-0 कर दिया। इसके नौ मिनट बाद शुभम ने 60वें मिनट में गोल करके टीम की बढ़त 5-0 कर दी। हॉकी चंडीगढ़ की टीम एक गोल ही कर सकी और हरियाणा ने मुकाबला 5-1 से जीत लिया।


हॉकी हरियाणा की टीम

जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्नेहा 600 मीटर दौड़ में रही प्रथम



हिसार। गुजवि के महाराणा प्रताप स्टेडियम में एक दिवसीय इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ एथलेटिक्स एसोसिएशन हिसार के सचिव मनोज कड़वासरा ने किया। समापन अवसर पर एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट ओम प्रकाश भादू, विद्या देवी जिंदल स्कूल के शूटिंग कोच एवं नेशनल एथलीट हरिसिंह गोदारा तथा इंटरनेशनल कराटे कोच हरीश सिराधना भी मौजूद रहे। आयु वर्ग 14 वर्ष लड़कों के ट्रायथलॉन ग्रुप ए में निशांत ने प्रथम, प्रवेश ने द्वितीय और भूपेंद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप बी में नमन प्रथम, हिमांशु द्वितीय और कुनाल तृतीय रहे। ग्रुप सी में वंश पूनिया ने प्रथम, हर्षित ने द्वितीय और मयंक ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी आयु वर्ग की किड्स जैवलिन स्पर्धा में रौनक प्रथम, सोनित द्वितीय और अंश तृतीय रहे। आयु वर्ग 14 वर्ष लड़कियों के प्रिंस राउंड ग्रुप ए में दीपांशी प्रथम, नित्य द्वितीय और सृष्टि तृतीय स्थान पर रहीं। ट्रायथलॉन ग्रुप बी में नव्या ने प्रथम, एकांतिक ने द्वितीय और अनन्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप सी में खुशी प्रथम, निशु द्वितीय और सिमरन तृतीय रहीं। किड्स जैवलिन स्पर्धा में अंशु प्रथम, लक्षिता द्वितीय और यक्षिका तृतीय स्थान पर रहीं। आयु वर्ग 16 वर्ष लड़कों की 60 मीटर दौड़ में अरुण प्रथम, लावण्या द्वितीय और हितेंद्र तृतीय रहे।



हिसार। छात्रा भानुश्री को सम्मानित करते अतिथि।

सांस्कृतिक उत्सव में नलवा स्कूल की भानुश्री ने रागिनी में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय और जिले का नाम किया रोशन

हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव-2026 में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नलवा की छात्रा भानुश्री चहल ने रागिनी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। 11वीं कक्षा के विज्ञान संकाय की छात्रा भानुश्री ने अपनी गायन प्रतिभा के दम पर आगामी राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में हिसार जिले का प्रतिनिधित्व करने की दावेदारी मजबूत की है। जिला सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप नैन की अध्यक्षता में आयोजित उत्सव में जिला शिक्षा अधिकारी राम रत्न सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी और शिक्षक मौजूद रहे। प्रतियोगिता में भानुश्री की पारंपरिक रागिनी की प्रस्तुति की सराहना की गई। उसकी लय, सुर और भावपूर्ण गायन ने निर्णायक मंडल और उपस्थित अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कपूर सिंह लोहान ने भानुश्री को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं।


हिसार। सर्वोदय भवन में आयोजित गोष्ठी में विचार रखते वक्ता।

पूंजीवादी व्यवस्था बेरोजगारी का बढ़ा रही संकट : पाल सिंह

- कॉमरेड सोमदत्त गौतम के 16वें स्मृति दिवस पर सेमिनार, एसआईआर रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जन संघर्ष मंच हरियाणा के प्रथम महासचिव कॉमरेड सोमदत्त गौतम के 16वें स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को सर्वोदय भवन में पूंजीवादी संकट और जनवादी अधिकारों का दमन विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इसके बाद चुनाव में धांधली के आरोप लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी, एसआईआर रद्द करने और लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन व कथित अघोषित आपातकाल के विरोध में प्रदर्शन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता मंच के राज्य प्रधान कॉमरेड फूल सिंह ने की और संचालन महासचिव सुदेश कुमारी ने किया। मुख्य वक्ता कॉमरेड पाल सिंह ने कहा कि पूंजीवादी व्यवस्था में आर्थिक असमानता, बेरोजगारी, महंगाई और बुनियादी सुविधाओं का संकट बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि तकनीकी प्रगति का लाभ मेहनतकश जनता के बजाय पूंजीपतियों के मुनाफे के लिए इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने मजदूर वर्ग को संगठित करने, वर्ग चेतना विकसित करने और जनवादी अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष तेज करने का आह्वान किया सुदेश कुमारी ने कॉमरेड सोमदत्त गौतम के मजदूर वर्ग को शिक्षित-संगठित करने और भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों के प्रचार-प्रसार में योगदान को याद किया। पाल सिंह ने बताया कि गौतम के प्रयासों से वर्ष 2006 में सुशीला भवन में जन संघर्ष मंच हरियाणा का गठन हुआ था।

एकजुटता पर जोर

छात्र संगठन एसओएसडी की नेत्री कविता विद्रोही, डॉ. जगदीश, कॉमरेड रघुबीर सिंह, कर्मचारी नेता एमएल सहगल और कॉमरेड सुरेश कुमार ने भी विचार रखे। वक्ताओं ने छात्र-युवा आंदोलन, शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार और मेहनतकश जनता की एकजुटता पर जोर दिया। पूर्व प्राचार्य भगवान दत्त, भगवती गौतम, महेश गौतम और रघुबीर विरोधिया ने भी अपने विचार रखे।

ओशो उपवन में मेडिटेशन कैंप में उमड़े सैंकड़ों साधक

हिसार। भागदौड़ भरी जिंदगी, बढ़ते मानसिक तनाव और व्यस्त जीवनशैली के बीच ध्यान का महत्व समझाने और नव ऊर्जा जागरण के लिए ओशो ध्यान उपवन में एक दिवसीय मेडिटेशन कैंप का आयोजन किया गया। ध्यान नव ऊर्जा का जागरण विषय पर आधारित इस शिविर के दौरान विभिन्न सत्र आयोजित करके साधकों को ध्यान विधियों का अभ्यास करवाया गया। ओशो ध्यान उपवन में आयोजित मेडिटेशन कैंप में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधकों ने हिस्सा लिया। शिविर के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि शिविर का उद्देश्य मनुष्य को मानसिक चिंताओं से मुक्त करके भीतर छिपी आत्मिक ऊर्जा का एहसास करवाना था।

कॉसमॉस स्कूल में आचार्य धर्मवीर ने विद्यार्थियों को दिए संस्कारों के संदेश

- गुरुजनों का सम्मान और अनुशासन सफलता की राह प्रशस्त करते हैं : आचार्य धर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

कॉसमॉस पब्लिक स्कूल में आचार्य धर्मवीर जी मुमुक्षु (विद्या वाचस्पति, आयुर्वेदाचार्य एवं दर्शनाचार्य) ने प्रातःकालीन सभा में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्या और शिक्षा के बीच का अंतर समझाते हुए गुरुजनों के सम्मान, अच्छे संस्कारों और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। आचार्य धर्मवीर ने कहा कि गुरुजनों का सम्मान करना और उनके मार्गदर्शन का पालन करना जीवन में सफलता प्राप्त करने की राह प्रशस्त करता है। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षा के साथ संस्कारों और अनुशासन की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष महेंद्र सिंह पायल और प्रधानाचार्य हितेश बाबल ने आचार्य श्री धर्मवीर जी मुमुक्षु का अभिनंदन किया तथा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



हिसार। प्रात :कालीन सभा में विद्यार्थियों को संबोधित करते आचार्य धर्मवीर जी मुमुक्षु।

गुजवि ने घोषित किए कई विषयों के परीक्षा परिणाम

हिसार। गुजविप्रौवि ने विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि मई 2026 में आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रमों की मुख्य और री-अपीयर परीक्षाओं के परिणाम जारी किए गए हैं। इनमें बीटेक, बीए, बीएससी, एमएससी और इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम शामिल हैं। घोषित परिणामों में इंटीग्रेटेड बीएससी ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च-एमएससी केमिस्ट्री चतुर्थ सेमेस्टर तथा इंटीग्रेटेड बीएससी लाइफ साइंसिज-एमएससी बॉटनी, जूलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी चतुर्थ सेमेस्टर के री-अपीयर परिणाम शामिल हैं।

विधायक ने पांच गांवों को दी 3.42 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

- उमरा में 1.43 करोड़ और ढाणा कलां में 92 लाख रुपये के विकास कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

हलके के पांच गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए विधायक विनोद भयाना ने रविवार को 3 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इनमें उमरा, ढाणा कलां, गढ़ी, खरकड़ा और भाटोल जाटान गांव शामिल हैं। परियोजनाओं के तहत गलियों और फिरनियों के निर्माण, चौपालों की मरम्मत सहित पंचायत एवं लोक निर्माण विभाग से संबंधित कार्य करवाए जाएंगे। विकास कार्यों के लिए गांववार निर्धारित राशि के अनुसार उमरा में 1 करोड़ 43 लाख रुपये, ढाणा कलां में 92 लाख रुपये, खरकड़ा में 25.68 लाख रुपये और भाटोल जाटान में 30 लाख रुपये के कार्य शुरू करवाए गए हैं। विधायक ने कहा कि हांसी हलके के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का समान रूप से विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है। गांवों में सड़क, गली और फिरनी जैसी सुविधाएं सीधे तौर पर लोगों के दैनिक जीवन से जुड़ी हैं। इनके बेहतर होने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।


हांसी। नारियल तोड़ कर विकास कार्य का शुभारंभ करते विधायक विनोद भयाना

हरनंद शर्मा फाउंडेशन ने निकिता को किया सम्मानित

- दसवीं में गांव में सर्वाधिक अंक हासिल करने पर मिला पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

हरनंद शर्मा फाउंडेशन, चंडीगढ़ की ओर से गांव पेटवाड़ की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की परंपरा को जारी रखते हुए दसवीं कक्षा की मेधावी छात्रा निकिता दूहन को सम्मानित किया गया। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए यह पुरस्कार गांव के स्कूल में आयोजित समारोह में दिया गया। कार्यक्रम बाबा श्रीराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पेटवाड़ के प्रांगण में हुआ। समारोह में फाउंडेशन की ओर से संचालित हरनंद मेमोरियल लाइब्रेरी में अध्ययन करके सरकारी नौकरी हासिल करने वाले विद्यार्थियों के माता-पिता को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस पहल के माध्यम से बच्चों की शिक्षा और सफलता में अभिभावकों के योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम में डॉ. शीतल शर्मा ने फाउंडेशन की गतिविधियों, ग्रामीण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बनाई जा रही योजनाओं और शिक्षा के प्रसार के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव पेटवाड़ में संचालित हरनंद मेमोरियल लाइब्रेरी विद्यार्थियों के लिए अध्ययन का महत्वपूर्ण केंद्र बनी हुई है। यहां विद्यार्थियों को पढ़ाई के अनुकूल वातावरण और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है। पुस्तकालय का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर देकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है।



नारनौंद। मेधावी छात्रा निकिता दूहन को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।



शिव मंदिर में माता की चौकी में झूमे श्रद्धालु

हिसार। एमसी कॉलोनी स्थित श्री शिव मंदिर में श्री शिव मंदिर ट्रस्ट की ओर से शारदीय नवरात्रों के उपलक्ष्य में माता की चौकी का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में माथा टेककर पूजा-अर्चना की। विधायक सावित्री जिंदल, मेयर प्रवीन पोपली और जीएसटी विभाग के सहायक आयुक्त केके सिंगला ने अतिथि के रूप में पहुंचकर ज्योत प्रज्ज्वलित की। ट्रस्ट की ओर से अतिथियों को शॉल पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के प्रधान रामअवतार अग्रवाल ने बताया कि ज्योत प्रज्ज्वलित होने के बाद भजन गायिका अनिता शर्मा भिवानी, किशोरी पलक, बाबा की दृष्टि और राजेंद्र काका ने माता रानी का गुणगान किया। भजन गायकों ने मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, आज मैनू नच लेन दे, नंगे-नंगे पांव चल दौड़ आई मां, कीर्तन है कि है रात मैया आज थाने आणा है और आएगी शेरों वाली मां, दिल से बुलाकर देख सहित विभिन्न भेंटें प्रस्तुत कीं।

श्यामसुख में दशहरे पर होगा सम्मान समारोह

हिसार। अग्रोहा क्षेत्र के गांव श्यामसुख में स्थित श्री सिद्ध बाबा अनूपगिरी जी समाधि मंदिर अखाड़ा में दशहरे के शुभ अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी विशाल जागरण, भंडारा एवं संत मिलन सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। अखाड़े के गद्दीसीन महंत मुकेश गिरी महाराज ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। कार्यक्रम के लिए संत-महात्माओं का आगमन शुरू हो गया है। इस भव्य आयोजन को लेकर ग्रामीणों व पूरे क्षेत्र में काफी उत्साह है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरी पंथ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बालक डेरा गद्दी के महंत श्री श्री 1008 श्री पृथ्वी गिरी महाराज शिरकत करेंगे।

किसान-मजदूर महापंचायत 26 अक्टूबर को

एआईकेकेएमएस ने बाजरे की खरीद नहीं होने पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने बारिश से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार से विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग की है। संगठन के जिला संयोजक हवा सिंह संघर्ष और प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी ने संयुक्त बयान में कहा कि पांच दिन में दूसरी बार तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से खेतों में खड़ी फसल जमीन पर बिछ गई है। धान की बालियां पानी में डूबने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने मंडियों में बारिश के कारण खराब हो रही धान की फसल के नुकसान की भरपाई करने की मांग भी की। किसान नेताओं ने कहा कि एक अक्टूबर से खरीफ फसलों की खरीद शुरू होने के बावजूद खरीद एजेंसियों ने किसी न किसी बहाने से बाजरे का एक दाना भी नहीं खरीदा है। उन्होंने दावा किया कि करीब 12.97 लाख टन धान मंडियों में पड़ा है और बारिश के कारण इसके खराब होने का खतरा बढ़ गया है। धान और बाजरे की खरीद पर प्रति एकड़ सीमा, अपने जिले में ही फसल बेचने की शर्त, पोर्टल संबंधी समस्याओं के कारण किसानों को अपनी उपज कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

चार्जिंग स्टेशनों के लिए एक सप्ताह में भेजें रिपोर्ट : विक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों का नेटवर्क विकसित करने के लिए पीएम ई-ड्राइव योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाएगी। इसके तहत चिन्हित स्थलों का पूरा विवरण और तस्वीरें एक सप्ताह के भीतर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) और उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के माध्यम से चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह के निर्देशानुसार, यूएचबीवीएन ने सभी संबंधित अधीक्षण अभियंताओं (ऑपरेशन) को चिन्हित स्थलों की जानकारी निर्धारित समयसीमा में ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध करवाने को कहा है। प्रत्येक स्थल की दो स्पष्ट तस्वीरें भेजना अनिवार्य किया गया है। पहली तस्वीर में स्थल का प्रवेश द्वार और दूसरी में परिसर के भीतर चार्जर स्थापित करने के लिए प्रस्तावित स्थान दिखाई देना चाहिए।


विक्रम सिंह।

त्योहार पर मिठाइयों में मिलावट से सावधान रहें आमजन

दूध में स्टार्च व मसालों में कृत्रिम रंग पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

त्योहारों के दौरान मिठाइयां और अन्य खाद्य पदार्थ खरीदते समय सावधानी बरतना जरूरी है। दूध, पनीर, खोया, मसालों और फल-सब्जियों में मिलावट सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है। वानप्रस्थ डिग्निटी ट्रस्ट की साप्ताहिक बैठक में केमिस्ट्री शिक्षक डॉ. एमएस मलिक ने जहर मुक्त थाली व्याख्यान श्रृंखला के तहत खाद्य पदार्थों में मिलावट और उसके दुष्प्रभावों की जानकारी दी। डॉ. मलिक ने बताया कि दूध में पानी और स्टार्च, मिर्च में ईंट का चूरा, मसालों में कृत्रिम रंग और शहद में चीनी का शीरा मिलाना मिलावट के प्रमुख उदाहरण हैं। उन्होंने दूध और पनीर की गुणवत्ता पर चिंता जताते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को बाजार में उपलब्ध खाद्य उत्पादों की शुद्धता को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान बर्फी और पेड़े में मिलावटी खोए, लड्डुओं में घटिया वनस्पति तेल तथा जलेबी में कृत्रिम रंगों का इस्तेमाल स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। मिठाइयों पर चांदी के वर्क के स्थान पर दूसरी धातुओं की परत लगाए जाने की आशंका को लेकर भी उन्होंने सावधान किया।


हिसार। वानप्रस्थ डिग्निटी ट्रस्ट की साप्ताहिक बैठक में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति।

भरोसेमंद विक्रेताओं से खरीदे सामान

डॉ. मलिक ने लोगों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर ध्यान देने और भरोसेमंद विक्रेताओं से ही खरीदारी करने की सलाह दी। उन्होंने दूध में स्टार्च की जांच के लिए आयोडीन घोल जैसे प्रारंभिक परीक्षणों की जानकारी भी साझा की। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि घरेलू परीक्षणों से खाद्य पदार्थ की शुद्धता की पुख्ता पुष्टि नहीं होती। इसके लिए प्रमाणित जांच जरूरी है। करीब डेढ़ घंटे चले सेमिनार में ट्रस्ट के सदस्यों ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और उसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से जुड़े सवाल पूछे। इस दौरान धर्म सिंह ने मिलावट से बचाव के लिए दी गई जानकारी को व्यवहार में लागू करने और इसके लिए कार्ययोजना तैयार करने की जरूरत पर जोर दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005